फ्री मेगा कैम्प में जांच किए गए कई वाहन

HINDUSTAN-MOTORS

पटना : हिन्दुस्तान मोटर्स की डीलरशिप श्रीहनुमान मोटर्स के तत्वावधान में राजधानी के पाटलीपुत्रा स्थित सर्विस सेन्टर में तीन दिवसीय फ्री मेगा कैम्प आयोजित किया है जिसमें कई गाड़ियों का वारिकी से जांच किया गया। इस समबन्ध में श्री हनुमान मोटर्स के महाप्रबंधक राहुल कुमार सिंह नं बताया कि इस चेक अप कैम्प में एम्बसेडर के यांत्रिकी जांच के अलावा 25 तरह का जांच किया जा रहा है। बाहन जो भी खराबी होती है उसका तत्क्षण निदान किया जाता है। जिस वाहन में ज्यादा गड़बड़ी होती है उसे बुक कर लिया जाता हे और उपभोक्ता को बनाने के खर्च का स्टीमेट दे दिया जाता है। इस अवसर पर मौजूद हिन्दुस्तान मोटर्स के टेरोटरी मैनेजर सर्विस तरूण कुमार चक्रवर्ती ने कहा कि उनकी कंपनी जल्द ही एक मालवाहक भैन बाजार में ला रही है। इसके अलावा उनकी कंपनी में 1.5,1.8 , व 2 लीटर सीसी सिलेण्डर केडीजल, एम्पफआई, एसएफआई व सीएनजी वाहन उपलब्ध हैं । इस अवसर पर श्री हनुमान मोटर्स के प्रबंधक बी प्रसाद भी मौजूद थे। इससे पूर्व उनकी कंपनी के द्वारा बिहार पुलिस लाइन में चालक प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमें सैकड़ो चालकों ने भाग लिया।